भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3384
जिसका उत्तर मंगलवार 01 जनवरी, 2019 को दिया जाना है

कोझिकोड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड

3384. श्री एन के प्रेमचन्द्रन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोझिकोड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, पालक्कड़, केरल को सौंपने के लिए केरल राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कंपनी सौंपे जाने के समय वर्तमान कर्मचारियों के लाभ और कल्याण के संबंध में केंद्र सरकार और केरल राज्य सरकार के बीच हुई शर्तों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार कर्मचारियों के लाभों और कल्याण के संबंध में अपनी भूमिका निभाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या केन्द्र सरकार को काफी लंबे समय तक केंद्र सरकार के अंतर्गत उक्त संस्थान के रहने के दौरान होने वाले अपने भारी नुकसानों की भरपाई के लिए उपचारात्मक पैकेज हेतु विचार-विमर्श करने के लिए ट्रेड यूनियनों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(च) क्या इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड लाभ में चल रही है और यदि हां, तो कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (च): इंस्ट्रूमेंटेंशन लिमिटेड, कोटा एक बीआईएफआर संदर्भित कंपनी थी, जिसका दिनांक 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार ₹707 करोड़ संचयी घाटा है। इस कंपनी की पलक्कड़, केरल में एक यूनिट है। नवम्बर, 2016 में भारत सरकार ने इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की कोटा यूनिट को बंद करने का निर्णय लिया और केरल सरकार को इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की पलक्क्ड़ यूनिट को हस्तांतरित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन दिया। इसके अनुसरण में, केरल सरकार के साथ विस्तृत वार्ता के बाद, भारत सरकार, केरल सरकार और इंस्ट्रूमेंटेंशन लिमिटेड, कोटा के बीच दिनांक 16.11.2018 को एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से सहमत ढांचे के आधार पर कर्मचारी संबंधी पहलुओं सहित केरल सरकार के चिंता के विषय के रूप में इंस्ट्रूमेंटेंशन लिमेटेड की पलक्कड़ यूनिट के हस्तांतरण की पद्धतियां तैयार की जा रही हैं।

*****